थक गया हूँ चलते चलते अब तो राह दिखा जाओ भजन लिरिक्स

थक गया हूँ चलते चलते,
अब तो राह दिखा जाओ,
छूट गए है सारे सहारे,
अब तो थामने आ जाओ,
थक गया हूं चलते चलते,
अब तो राह दिखा जाओ।bd।

तर्ज – कसमे वादें प्यार वफा।

जिन पर मुझको गर्व था बाबा,
ये ना मुझको छोड़ेंगे,
सोचा ना था सबसे पहले,
वो ही नाता तोड़ेंगे,
तुमको ही अब अपना माना,
अपनापन दिखला जाओ,
थक गया हूं चलते चलते,
अब तो राह दिखा जाओ।bd।

कहती है ये दुनिया मैंने,
ऊंची मंज़िल पाई है,
उनको मैं कैसे समझाऊं,
कितनी ठोकर खाई है,
थाम लो मेरा हाथ ये बाबा,
मंज़िल तक पहुंचा जाओ,
थक गया हूं चलते चलते,
अब तो राह दिखा जाओ।bd।

मजबूरी में भक्ति मेरी,
नाटक जग को लगती है,
लाचारी में रोते रोते,
मेरी रातें कटती है,
है भगत 'आकाश' तुम्हारा,
दुनिया को बतला जाओ,
Bhajan Diary Lyrics,
थक गया हूं चलते चलते।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

थक गया हूँ चलते चलते,
अब तो राह दिखा जाओ,
छूट गए है सारे सहारे,
अब तो थामने आ जाओ,
थक गया हूं चलते चलते,
अब तो राह दिखा जाओ।bd।

Singer – Akash Sharma

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com